## Headline



1. Justin Trudeau: विमान की खराबी के चलते अब तक भारत में ही फंसे हैं कनाडा के PM ट्रूडो; ऐसे बिता रहे दिन



2. VK Singh: 'इंतजार करिए, अपने आप ही भारत में मिल जाएगा PoK', केंद्रीय मंत्री वीके सिंह का बड़ा बयान



3. Maharashtra: इस साल अगस्त तक मराठवाड़ा में 685 किसानों ने की आत्महत्या, कृषि मंत्री के जिले में सबसे ज्यादा



4. Steven Spielberg: हड़तालियों के समर्थन में निर्देशक स्टीवेन स्पीलबर्ग और उनकी पत्नी, 1.5 मिलियन डॉलर किए दान


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 67 | इंदौर, मंगलवार 12 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# प्रदेश में अब तक 764.4 मिमी बारिश

### जहां से मानसून ने मप्र में एंट्री ली थी, सिर्फ वहीं के 5 जिलों में 1000 मिमी बारिश का आंकड़ा पार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल ।** सितंबर में मेहरबान हुए मानसून के कारण प्रदेशभर में बारिश का सिलसिला जारी है। इस बार प्रदेश के जिस इलाके से 24 जून को मानसून ने एंट्री ली थी, वहीं के पांच जिलों में सबसे पहले बारिश का आंकड़ा 1000 मिमी के पार हुआ। ये जिले मंडला, डिंडोरी, सिवनी और जबलपुर और नरसिंहपुर हैं। इनमें नरसिंहपुर में 1100 मिमी बारिश का आंकड़ा पार हुआ। इन पांच जिलों के अलावा प्रदेश के किसी और जिले में इस सीजन में अब तक बारिश का आंकड़ा चार अंकों में नहीं पहुंचा है। प्रदेश में अब तक 764.4 मिमी बारिश हुई। यह सामान्य बारिश 868.6 मिमी से 12 प्रतिशत कम है।



### इसकी यह है खास वजह

मौसम केंद्र के फोरकास्ट इंचार्ज वेद प्रकाश सिंह के मुताबिक अगस्त के पहले हफ्ते में बारिश का जो दौर आया था तब इन जिलों में 200 मिमी से ज्यादा बारिश हो गई थी। तब बाकी जिलों में इनकी तुलना में ज्यादा बारिश नही हुई थी। उस वक्त जो मानसूनी सिस्टम आया था, उसका असर भी इन्हीं जिलों में ज्यादा हुआ था। यही कारण है कि प्रदेश के इन 13 जिलों में बारिश का आंकड़ा 900 और 1000 मिमी के पार पहुंचा।

### अभी और जरूरत... भोपाल जिले में 630.3 मिमी बारिश

भोपाल जिले में अब तक 630.3 मिमी बारिश ही हुई है। प्रदेश के इन 13 जिलों से बारिश के मामले में अभी बहुत दूर है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 14 सितंबर से 19 सितंबर तक संभावित बारिश के दौर में यदि तेज बारिश हुई तो ही भोपाल जिला इस आंकड़े तक पहुंच सकता है।

### बन गया मानसूनी सिस्टम...

बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती हवा का घेरा बन गया है। अगले 48 घंटे में यह कम दबाव के क्षेत्र में बदल सकता है। इसका असर होने से फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

### महिलाओं पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी

# पिछोर से कांग्रेस विधायक केपी सिंह पर मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले की पिछोर विधानसभा से छह बार से लगातार कांग्रेस विधायक केपी सिंह कक्काजु पर पिछोर थाने में मामला दर्ज किया गया है। इसकी शिकायत बीजेपी की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष के साथ सारिका भार्गव ने पिछोर थाना में पहुंचकर दर्ज कराई थी।

बता दें पिछोर विधायक केपी सिंह पिछोर में अपने समर्थकों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के संबंध में विचार विमर्श कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने समर्थकों के बीच तमाम उदाहरण देते हुए पिछोर विधानसभा की जमीनी हकीकत जानने का प्रयास किया था। इसी सभा की कुछ सेकेंड की एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, उस वायरल वीडियो में केपी सिंह महिला और बुजुर्ग पति को लेकर अभद्र टिप्पणी करते हुए नजर आ रहे थे। वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने पिछोर विधायक केपी सिंह कक्काजु को घेरना शुरू कर दिया था। वहीं, कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री



केपी सिंह कक्काजू ने सोशल मीडिया पर महिलाओं को लेकर वायरल हो रहे बयान पर माफी मांगी थी और कहा कि सोशल मीडिया पर मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। मेरे विपक्षी लोग इसका दुरुपयोग कर रहे हैं। मेरी सबसे प्रार्थना है कि मेरे द्वारा न तो कोई वक्तव्य दिया गया है और न ही मेरा ऐसा कोई इरादा है। मैं सारी महिलाओं का सम्मान करता हूं और किसी को मेरे इस कथन से ठेस पहुंची है तो मैं क्षमा चाहता हूं।

वीडियो वायरल होने के बाद आप पार्टी भी विरोध में उतर आई और कहा कि कांग्रेस को इनके नाम पर सोचना चाहिए। इससे पहले पिछोर की जनता को और सबसे पहले महिलाओं को केपी सिंह के खिलाफ होना चाहिए। अगर केपी सिंह ने सामने आकर माफी नहीं मांगी तो आम आदमी पार्टी पिछोर आकर विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना देगी। उसके बाद सोमवार को भाजपा की महिला मोर्चा की इकाई पिछोर में एक ज्ञापन के जरिये पिछोर विधायक पर एफआईआर दर्ज कराने पहुंची। महिलाओं की शिकायत पर पिछोर थाना पुलिस ने कांग्रेस विधायक पर मामला दर्ज लिया है। थाना प्रभारी शिव सिंह यादव ने बताया है कि बीजेपी की महिला कार्यकर्ताओं की शिकायत पर कांग्रेस विधायक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# घाटे की भोपाल-इंदौर वंदे भारत को लेकर रेलवे नहीं ले रहा निर्णय

## न किराया कम कर रहे, न ट्रेन का विस्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । इंदौर-भोपाल वंदे भारत ट्रेन दो महीने से ज्यादा समय से कम यात्रियों के कारण लगातार घाटे में चल रही है। इसके बावजूद रेल मंत्रालय न तो ट्रेन का विस्तार कर रहा है, न ही किराया कम करने का फैसला ले रहा है।**



इंदौर से भोपाल जाते समय इस ट्रेन की एसी चेयर कार श्रेणी का किराया 810 रुपए और एक्जीक्यूटिव श्रेणी का किराया 1510 रुपए प्रति यात्री है। इसमें सुबह के चाय-नाश्ते का शुल्क भी शामिल है। वापसी में भोपाल से इंदौर आते समय यह ट्रेन और भी महंगी हो जाती है, क्योंकि तब यात्रियों को रात का खाना परोसा जाता है। हालांकि, यात्री बिना नाश्ता या खाना के भी सीट बुक करा सकते हैं, लेकिन उसके बावजूद ट्रेन दूसरी ट्रेनों या वॉल्वो बस की तुलना में काफी महंगी साबित हो रही है। 300 से 400 सीट रोज खाली रहती हैं। ट्रेन को लेकर विभिन्न सर्वे और फीडबेक लिए जा चुके हैं, लेकिन मंत्रालय उन पर निर्णय नहीं ले रहा है। यही हालत जबलपुर-भोपाल के बीच चल रही वंदे भारत की भी है। इन ट्रेनों को लेकर पश्चिम रेलवे और पश्चिम मध्य रेलवे रेलवे बोर्ड के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं।

### नागपुर तक चले, तो मिल सकते हैं ज्यादा यात्री

इंदौर-भोपाल वंदे भारत को झांसी या ग्वालियर तक बढ़ाने की चर्चा जरूर हो रही थी, लेकिन निर्णय नहीं हो सका है। इस बीच एक सुझाव यह भी आया था कि ट्रेन को नागपुर तक चलाया जाए, तो इंदौर से ट्रैफिक मिल सकता है। इंदौर-नागपुर के बीच रोजाना कोई ट्रेन नहीं है और दक्षिण भारत आने-जाने वाले भी नागपुर जाकर आगे की ट्रेनों में सवार हो सकते हैं। इसके अलावा ट्रेन नागपुर तक बढ़ेगी, तो भोपाल से नागपुर आने-जाने वाले लोगों को भी एक अतिरिक्त ट्रेन मिल सकेगी।

# कला संस्कृति लोक उत्सव 2023 का हुआ पोस्टर विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संस्था पंचकन्या वेलफेयर सोसायटी के द्वारा 23-24 सितंबर को आयोजित किए जाए रहे दो दिवसीय कला संस्कृति लोक उत्सव 2023 का पोस्टर विमोचन शनिवार को डीएवीवी के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म ऑफ मॉस कम्युनिकेशन में किया गया। विमोचन के अवसर पर लोक कला कलाकार विजय मस्कुले, आर्टिस्ट शोभा ताई, डॉ.राकेश शिवहरे उपस्थित थे। इस अवसर पर विजय मस्कुले ने कहा कि यह कार्यक्रम अन्य लोक संस्कृति के कार्यक्रमों से अलग है। इसमें हम लोग ग्रामीण परिवेश में कला के लिए जो सामग्री का इस्तेमाल करते है उन्हें पेश कर रहे हैं। इस मौके पर शोभा ताई ने कहा किसी भी बात को व्यक्त करने के लिए लोक कला और पारंपरिक कला काफी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाले कल्याण सिंह बमनका, डिप्टी कलेक्टर पूर्वी मंडलोई, पिथोरा आर्टिस्ट साक्षी लक्ष्मण भयाड़िया और सामाजिक कार्यकर्ता काटू खुमशिंह डुडवे को सम्मानित भी किया गया।

# अहिल्या उत्सव पर कल आधे दिन का अवकाश घोषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में 13 सितम्बर को अहिल्या उत्सव का आयोजन होगा। इस आयोजन के लिए कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने शासकीय कार्यालयों के लिए आधे दिन का अवकाश घोषित किया है। तदनुसार जिले में सभी शासकीय कार्यालय सुबह 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक लगेंगे।

# मौसम बिगड़ा तो बिजली उपभोक्ताओं के लिए मददगार रहा ऊर्जस एप

## चार दिनों में एप से की 1400 उपभोक्ताओं की मदद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बिजली वितरण कंपनी सूचना प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग से उपभोक्ताओं की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी एवं आपूर्ति संबंधी शिकायतों का तेजी से समाधान कर रही हैं। मौसम बिगड़ने, तेज हवा, मूसलधार वर्षा के दौरान पिछले चार दिनों में ऊर्जस एप से मालवा-निमाड़ के 1400 उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान किया गया हैं।

मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी ने शिकायत निवारण के लिए टोल फ्री नंबर 1912 के साथ ही ऊर्जस एप से भी चौबीसों घंटे शिकायतें दर्ज कराने एवं समय पर समाधान की व्यवस्था लागू कर रखी है। पिछले चार दिनों में जब मौसम में बदलाव आने, पेड़ गिरने, हार्डिंग्स लाइनों पर आने एवं अन्य कारणों से आपूर्ति बाधित हुई तो ऊर्जस एप ने उपभोक्ताओं की भरसक मदद की। चार दिनों के दौरान इंदौर शहर के एक हजार उपभोक्ताओं की आपूर्ति संबंधी शिकायतों का ऊर्जस एप के माध्यम से समाधान किया गया। इसी तरह चार दिनों में उज्जैन जिले के 140, देवास जिले के 135, रतलाम जिले के 60 उपभोक्ताओं की ऊर्जस एप से मदद की गई। अन्य जिलों के भी उपभोक्ताओं ने घर बैठे ऊर्जस एप पर आपूर्ति बाधित होने पर शिकायत दर्ज कराई एवं समय पर समाधान कराया।

# मेट्रो प्रोजेक्ट पर चल रहा है तेजी से कार्य, चालू हुए एस्केलेटर

## ◆जन आर्शीवाद यात्रा के कारण मेट्रो के ट्रयल रन की बढ़ सकती है आगे

### लगातार व्यस्त चल रहे मुख्यमंत्री से ट्रायल रन की तिथि तय करवाने में जुटा मेट्रो कॉपोरेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मेट्रो के ट्रायल रन की तैयारियां वैसे तो पूरी हो गई है। अब लगातार व्यस्त चल रहे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से समय लेना है। ट्रायल रन की संभावित तिथि 14 सितम्बर है, लेकिन इस तिथि पर ट्रायल रन होना मुश्किल है, क्योंकि मुख्यमंत्री जन आर्शीवाद यात्रा में व्यस्त रहेंगे इसलिए, ऐसी पूरी संभावना है की ट्रायल रन निर्धारित तिथि पर आगे बढ़ सकती है।

### डिपो के भीतर ही चल रहा है मेट्रो का सेफ्टी रन

मेट्रो को डिपो के अंदर ट्रेन को चलाकर देखा जा रहा है। अब इस पहली ट्रेन को 6 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल रन के दौरान चलाया जाएगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री से तारीख तय करवाना है। अभी 14 सितम्बर की तारीख तय की थी। मगर जन आशीर्वाद यात्रा से लेकर अन्य आयोजनों के साथ-साथ प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारियों में भी मुख्यमंत्री व्यस्त हैं। लिहाजा संभावना है कि 20 सितम्बर या उसके बाद की कोई तारीख पर ही ट्रायल रन होगा।

विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले इंदौर और भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन कराया जाना है। इंदौर में तो लगभग 10 दिन पूर्व ही तीन कोच की पहली मेट्रो ट्रेन गांधी नगर डिपो पहुंच गई और असेम्बलिंग के बाद उसे ट्रायल रन के लिए तैयार भी कर दिया गया। अभी डिपो में ही उसका सेफ्टी रन चल रहा है।

### भोपाल से आते ही सिंह सीधे डीपो पहुंचे

हालांकि मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी मनीष सिंह का कहना है कि ट्रायल रन को लेकर हमारी तैयारी पूरी हो चुकी है। शनिवार को भोपाल से इंदौर पहुंचे श्री सिंह ने तेज बारिश में भी डिपो परिसर का दौरा किया और उनके सामने ही सेफ्टी रन लिया गया। वहीं गांधी नगर स्टेशन के भी चल रहे कार्यों को देखा और वहां सिलीगुड़ी से आकर काम कर रहे मजदूरों से भी आत्मीयता से चर्चा की और उनके आवास, भोजन की जानकारी ली और अधिकारियों-ठेकेदार फर्म को मजदूरों को ध्यान रखने के विशेष निर्देश भी दिए। एमडी सहित अन्य मेट्रो अधिकारी और मीडियाकर्मियों ने भी छाते लगाकर सेफ्टी रन का जायजा लिया। हालांकि सभी तरबतर भी हो गए। इस दौरान जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त संचालक श्री पटेल भी मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री ज्योदिरादित्य सिंधिया बोले-

# जी-20 समिट की सफलता से छोटी मानसिकता के दलों को जलन हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** केंद्रीय नागरिक व उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सोमवार को मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा में शामिल होने के लिए इंदौर आए। उन्होंने विमानतल पर पत्रकारों से चर्चा की। सिंधिया ने कहा कि देश को जी-20 समिट की मेजबानी का मौका मिला।

देश में समिट सफल रही। इससे छोटी मानसिकता वाले दलों को जलन हुई है। कुछ लोग ऐसे होते है जिनकी विचारधारा और सोच अपनी लकीर बड़ी करने के बजाए दूसरों की लकीर छोटी करने की होती है। वे लोग विदेश में जाकर भारत माता की आलोचना कर रहे है। इस तरह की नकारात्मक ताकतों को देश की जनता पहचान चुकी है और जनता तीसरी बार सबक सिखाने को आतुर है।

मंत्री सिंधिया ने कहा कि जी-20 समिट के कारण भारत, खाड़ी देशों से लेकर यूरोप तक व्यापार और अधोसरंचना की नींव रखने की पहल की गई है। विश्व के नेतागणों ने भारत की आर्थिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ताकत का अनुभव किया है। एक सवाल के जवाब में सिंधिया ने कहा कि भाजपा कॉडर बेस पार्टी है। दूसरी पार्टियों की तरह चुनाव विदेश या दिल्ली से संचालित नहीं होते। भाजपा में चुनाव प्रदेश, शहर, मंडल, वार्ड,पंचायत स्तर पर संचालित होते है। उन्होंने अन्य कुछ सवालों के जवाब भी दिए।




### तीन करोड़ के पुरस्कार बांटे

मंत्री सिंधिया ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एमपीसीए के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इसमें पूर्व महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज भी शामिल हुई। कार्यक्रम में मंत्री सिंधिया ने कहा कि मैं वर्तमान और भविष्य को एक साथ देख रहा हूं। यह वह चेहरे हैं जो मध्य प्रदेश क्रिकेट और भारत क्रिकेट का भविष्य बनेंगे।

मध्य प्रदेश की महिला टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सिंधिया ने कहा कि मिताली सिर्फ महिला खिलाड़ियों के लिए ही आदर्श नहीं है, बल्कि देश के तमाम युवाओं के लिए आदर्श हैं। उन्होंने इस खेल को जैंटलमेंस गेम से बदलकर स्पोर्ट्समैन गेम में तब्दील किया। कार्यक्रम में क्रिकेट खिलाड़ियों को तीन करोड़ के पुरस्कार वितरित किए गए। कमेंटेटर सुशील दोशी को लाइफ टाइम अचिवमेंट पुरस्कार दिया गया।

# सही दस्तावेजों के बगैर मतदाता सूची में जोड़ने के 12 हजार आवेदनों पर कांग्रेस की आपत्ति

## ◆ सैकड़ों कार्यकतार्ओं ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दर्ज कराई हजारों आपत्तियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। चुनाव आयोग द्वारा आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर मतदाता सूची में विशेष पुनरीक्षण के नाम पर मनमानी की जा रही है जिसको लेकर इंदौर विधानसभा 3 से दीपक जोशी पिंटू के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेसीयो के मार्गदर्शन में सैकड़ों कार्यकतार्ओं द्वारा बड़ी आपत्ति एडीएम एवं एसडीएम को दर्ज कराते हुए विधि अनुसार हजारों फार्म जमा कराए जिनका निर्वाचन नियमों अनुसार निराकरण किया जाएगा

कांग्रेसी नेताओ ने आरोप लगाया कि इंदौर में निर्वाचन आयोग भाजपा के एजेंट के रूप में नियम विरुद्ध कार्य कर रहा है, स्थानीय अधिकारी भी सत्तादल भाजपा को फायदा पहुंचाने की नियत से बिना उचित दस्तावेज के इंदौर के बाहर के नागरिकों के नाम इंदौर में जोड़ रहा है जिसके लिए हजारों आवेदन स्वीकार किए गए है, जिनके ऊपर आपत्ति देने के लिए आज आज अंतिम तारीख थी, कांग्रेसी नेताओं अनुसार पूर्व में भी कांग्रेस पार्टी विभिन्न आपत्तियों को नजरअंदाज किया गया है ऐसे में मतदाताओं को स्वच्छ चुनाव से वंचित किया जा रहा है। चुनाव आयोग द्वारा इंदौर विधानसभा 3 में नाम जुड़ने वाले फॉर्म 6 ,नाम काटने वाले फॉर्म 7 और नाम सुधार एवं दूसरी जगह से स्थानांतरित मतदाताओं वाले फॉर्म 8 के नियम पालन में काफी विसंगतिया पाई गई। कांग्रेस मतदाता सूची इंदौर के प्रभारी दिलीप कौशल ने बताया की फॉर्म 10 ,11,11अ,11इ फॉर्मो की सूची में मतदाता का पता, मतदाता की आयु, लिंग, सुनवाई की दिनांक, मतदाता का बूथ क्रमांक सहित अन्य आवश्यक जानकारी नहीं दी गई है जिसके कारण आम नागरिक विहित समय में सक्षम आपत्ति नहीं दे पाया है तथा निर्वाचन विभाग द्वारा आवेदनों के संबंध में जो जानकारी प्रेषित की है वो नियमानुसार नहीं है इसलिए उन मतदाताओं पर आपत्ति करना असंभव है। अधिवक्ता जयेश गुरनानी ने कहा कि होस्टल और कॉलेज मे पढ़ रहे छात्रों के नाम अंतिम समय जुड़ना विधिसम्मत नहीं है क्योंकि उनके आवेदन में उचित दस्तावेज नहीं लगाए गए है।अचानक से बड़ी संख्या में निर्वाचन नियमों का पालन किए बिना बाहरी नाम जुड़ना विधानसभा 3 के चुनाव प्रभावित कर सकते है। आगामी विधानसभा चुनाव में इंदौर 3 से कांग्रेस के प्रबल दावेदार दीपक जोशी पिन्टू ने बताया की विधानसभा क्षेत्र के हर मतदाता पर उनकी टीम की नजर है प्रारंभिक तौर पर सामने आई विसंगतियों पर आज आपत्तियां दी है अगर समय रहते निराकरण नहीं किया तो उच्च न्यायालय भी जायेंगे और संविधान अनुसार निर्वाचन का कार्य नही हुआ तो सड़क पर भी उतरेंगे। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी चंद्रशेखर शर्मा, का.अध्यक्ष गोलू अग्निहोत्री, रवि गुरनानी,श्री सुरेंद्र श्री अनीमुल सूरी,सुरेंद्र जैन, निलेश सैन, निलेश पटेल,विशाल चतुवेर्दी,रोहित जोशी,नितिन वर्मा,सुभाष सिरसिया आदि कांग्रेस जान मौजूद थे।



# टिकटों को लेकर चल रही कवायद अंतिम चरण में

## स्क्रीनिंग में 163 सिंगल नामों वाली सीटों पर चर्चा, इनमें 75 विधायक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। कांग्रेस की टिकटों को लेकर 10 दिन से चल रही कवायद अंतिम चरण में है। 163 सीटों पर आब्जर्वर और सर्वे रिपोर्ट के हिसाब से सिंगल नाम तय किए जा चुके हैं। दिल्ली में मंगलवार शाम स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी। दो से तीन दिन चलने वाली इस बैठक में अधिकांश पर सिंगल नाम तय कर दिए जाएंगे। टिकटों की तीन सूची तैयार की गई हैं।

पहली में 95 विधायकों में से 65 से 70% के नाम रहेंगे। दूसरी सूची में 66 ऐसी सीटें हैं, जहां कांग्रेस पिछले 5 बार से हार रही है। तीसरी सूची उन सीटों की हैं, जहां अभी दो से तीन नाम हैं। विवाद वाली सीटों के नाम सीईसी को भेजे जाएंगे। इस साल के अंत में मप्र समेत जिन 5 राज्यों के चुनाव हैं, उनकी स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकें शुरू हो रही हैं। तीन दिनों में अंतिम उम्मीदवारों की सूची तैयार कर ली जाएगी। इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी की डिमांड पर सीईसी की बैठक बुलाई जाएगी। सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक की अभी तारीख तय नहीं हुई है।

पहले बैठक का कार्यक्रम स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग के बाद रखा गया था, बाद में 25 सितंबर को बैठक आयोजित करने की जानकारी दी गई। यह मीटिंग आगे हो सकती है, इसकी वजह 18 से 22 सितंबर तक संसद का सत्र होना है, जिसमें सीईसी में शामिल अधिकांश सदस्य सांसद हैं। इस वजह से 22 के बाद होना संभावित है।

मप्र में भाजपा की पहली सूची जारी होने के बाद कांग्रेस की तैयारी है कि जल्दी ही नाम तय कर दिए जाएं। इसी के चलते पिछले 10 दिनों से भोपाल में मैराथन बैठकों का दौर चल रहा था। इस दौरान स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन भंवर जितेंद्र सिंह और दोनों सदस्य अजय कुमार लल्लू और सप्तगिरी उल्का तथा मध्यप्रदेश के इंचार्ज जनरल सेक्रेटरी रणदीप सिंह सुरजेवाला जिलों के प्रभारी, जिलाध्यक्षों से 230 सीटों के आए पैनल पर चर्चा कर चुके हैं।

# जुलवानिया पहुंची जनआशीर्वाद यात्रा

### गोवा के CM प्रमोद सावंत ने I.N.D.I.A. पर हमला किया, बोले- विरोधियों ने नाम बदला, नियत नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी** 'विरोधियों के गठबंधन ने अपना नाम बदला है, बहुत जल्दी राहुल गांधी भी अपना नाम बदल लेंगे तो क्या जीत जाएंगे। नाम बदलने से नियत और नीति नहीं बदलती'।

यह बात भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा के दौरान देर रात जुलवानिया में आयोजित आमसभा में गोवा के मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रमोद सावंत ने कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा के विरोधी दलों ने अपना नाम बदला है नियत नहीं है। गठबंधन पार्टी के नेता के पुत्र सनातन धर्म को समाप्त करने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के पुत्र उसका समर्थन कर रहे हैं। यह उनकी नियत बताती है। प्रमोद सावंत ने कहा कि जुलवानिया के कार्यकर्ताओं ने कमल के फूल को जिताकर भोपाल भेजा तो मैं सबको गोवा वाली ट्रेन का टिकट दूंगा। मध्य प्रदेश में सरकार बनाने की जिम्मेदारी आपकी है। बस आप किसी के बहकावे में नहीं आएं। सभी को मंत्री प्रेमसिंह पटेल और सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि वे पूरी मेहनत के साथ भाजपा को जीतने का काम करेंगे। वहीं जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी ने कहा कि 15 महीने की कांग्रेस सरकार में राजपुर विधानसभा के विधायक बजनदार पद पर रहे, लेकिन क्षेत्र में कोई काम नहीं हुआ, जबकि भाजपा की सरकार ने क्षेत्र में विकास के द्वार खोल दिए। राजपुर विधानसभा से भाजपा को जिताने का संकल्प दिलवाया है। आईडीए इंदौर के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, नंदकिशोर पाटीदार, अंतर सिंह पटेल, लोकेश शर्मा, अंजना पटेल के अलावा सरपंच, सभी मंडलों के अध्यक्ष मौजूद थे।

## 13 सितंबर को आ सकती है बीजेपी की दूसरी लिस्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में बीजेपी प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट 13 सितंबर को आ सकती है। सोमवार को दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में बड़ी बैठक हुई। जिसमें सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, बीजेपी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि इस बैठक में पार्टी प्रत्याशियों की दूसरी सूची को लेकर विचार मंथन हुआ। बीजेपी 13 सितंबर को प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी कर सकती है। इस लिस्ट में बीजेपी हारी हुई 64 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए जा सकते हैं। बीजेपी ने पहली बार विधानसभा चुनाव के तीन महीने पहले उम्मीदवार घोषित किए हैं। बीजेपी ने 17 अगस्त को हारी हुई 39 सीटों के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी। इनमें सभी हारी हुई सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए गए थे। हालांकि, इनमें कई सीटों पर बीजेपी के घोषित प्रत्याशियों का भारी विरोध हो रहा है।

## 15 सितंबर से फिर तेज बारिश का दौर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में बारिश का दौर जारी है। ग्वालियर में सोमवार रात तेज पानी गिरा। जबलपुर, सागर समेत 11 जिलों में बारिश हुई। प्रदेश में अगले 2 से 3 दिन हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। 15 सितंबर से तेज बारिश का दौर फिर शुरू होकर 21 सितंबर तक रह सकता है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि उत्तरी मध्यप्रदेश और दक्षिणी उत्तर प्रदेश से ट्रफ लाइन गुजर रही है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी एक्टिव है। इस वजह से प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश हुई। अगले 2 से 3 दिन तक तेज बारिश में थोड़ी कमी आएगी। 13 और 14 सितंबर को बंगाल की खाड़ी से लो प्रेशर एरिया एक्टिव होगा। इससे 15 से 21 सितंबर तक बारिश होने का अनुमान है। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से आंकड़ा भी सुधर रहा है।

# 66 सीट पर उम्मीदवार घोषित कर सकती है कांग्रेस

### ◆ भोपाल में कांग्रेस के ऑब्जर्वर की पहली बैठक; दिल्ली में स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के लिए मप्र की 29 लोकसभा सीट के लिए बनाए गए ऑब्जर्वर की मंगलवार को पहली बैठक हो रही है। सुबह 9.40 बजे से यह बैठक भोपाल में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास पर हो रही है।**



लोकसभा प्रभारियों के साथ बैठक कांग्रेस संगठन के राष्ट्रीय इंचार्ज जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल, PCC चीफ कमलनाथ और इंचार्ज जनरल सेक्रेटरी रणदीप सिंह सुरजेवाला कर रहे हैं। आज शाम को दिल्ली में कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक भी है। BJP की तरह कांग्रेस भी हारी हुई विधानसभा सीट पर पहले उम्मीदवार घोषित करने की तैयारी कर रही है। पूर्व CM दिग्विजय सिंह ने लंबे समय से हार में जा रहीं 66 सीट पर दौरे कर अपनी रिपोर्ट और उम्मीदवारों के नामों का पैनल कमलनाथ को दिया है। इन नामों की सर्वे के डाटा से मैचिंग की जाएगी। इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में इन सीट्स के उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा होगी। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों द्वारा दिए गए नामों का भी मिलान किया जाएगा। सर्वे, दिग्विजय सिंह की रिपोर्ट और जिलों से आए नामों में जो भी नाम मैच करेंगे, उन्हें पहली लिस्ट में उम्मीदवार घोषित किया जा सकता है।

ऑब्जर्वर के प्रभार अलग-अलग राज्यों के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को सौंपे गए हैं। इनमें भोपाल लोकसभा के अंतर्गत आने वाली सातों विधानसभा सीटों का प्रभारी असम से तीन बार के कांग्रेस विधायक रेकुबद्दीन अहमद को बनाया गया है। गुजरात में पूर्वनेता प्रतिपक्ष रह चुके परेश धनानी और वरिष्ठ नेता प्रकाश जोशी को जबलपुर और ग्वालियर लोकसभा का ऑब्जर्वर बनाया गया है। मोहन जोशी इंदौर के ऑब्जर्वर हैं।

# जन आशीर्वाद यात्रा को जनता का प्यार

### केंद्रीय नेताओ के आने से जनता और कार्यकर्ताओं का उत्साह दोगुना

मध्य प्रदेश में आदिवासियों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए डबल इंजन सरकार ने कई योजनाएं चलाई है, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है और इसका प्रत्यक्ष प्रभाव भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में नजर भी आ रहा है। 'डबल इंजन सरकार मतलब राज्य में विकास की दोगुनी रफ्तार' जैसे संदेश के साथ भाजपा का शीर्ष नेतृत्व डबल इंजन सरकार के काम और फायदों से जनता को रूबरू करा रहा है। इस शीर्ष नेतृत्व को यात्रा के दौरान जनता का जबरदस्त प्यार भी मिल रहा है। आदिवासी इलाकों में लोग अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। जब केंद्रीय नेता प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यों की प्रशंसा करते हैं, तो आदिवासी लोग भी अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

### शीर्ष नेतृत्व को जनता का प्यार

आदिवासी इलाकों में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर जनता अपना भरपूर प्यार लुटा रही है। मध्य प्रदेश में पेसा एक्ट लागू है, इसके अलावा भी प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनजातीय कल्याण की कई योजनाओं ने इन आदिवासी क्षेत्रों की तस्वीर बदली है। इन्हीं योजनाओं का असर आदिवासी इलाकों में पहुंच रही जन आशीर्वाद यात्राओं पर सीधा नजर आ रहा है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में मध्य प्रदेश अव्वल

धार जिले की कुक्षी विधानसभा के पूर्व विधायक श्री मुकाम सिंह किराड़े का कहना है कि चुनाव सामने आते ही कांग्रेस एक बार फिर आदिवासी हितों की बात कर रही है। जबकि सत्य यह है कि कांग्रेस ने सदैव आदिवासी हितों की उपेक्षा की है। एक बार तो जोड़ तोड़ से आदिवासी मुख्यमंत्री को अपदस्थ किया और अपनी सरकार बनाई, जबकि दो बार मुख्यमंत्री पद के लिये आदिवासी समाज के नेता की नैसर्गिक दावेदारी छीनी। स्वाधीनता संघर्ष में जिन आदिवासियों ने बलिदान दिया, उन्हें भी कांग्रेस ने कभी उचित सम्मान नहीं दिया। दूसरी ओर प्रदेश के आदिवासी समुदाय को अब यह पता चल गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीबों के जीवन स्तर को उठाने के संकल्प की पूर्ति में मध्यप्रदेश सरकार भी समान रूप से सहभागिता कर रही है। इसी का परिणाम है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में मध्यप्रदेश अव्वल रहा है। अब मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने इस योजना में लाडली बहनों को भी शामिल करने की घोषणा की है। इसके अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन गरीब बहनों के नाम छूट गए हैं, उनसे आवेदन लेकर लाडली बहना आवास योजना में उन्हें पक्के पकान दिए जाएंगे।



# संपादकीय

## सुधार की सूरत

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की दरकार अनेक मौकों पर रेखांकित की जा चुकी है। अभी जी20 शिखर सम्मेलन के मंच से प्रधानमंत्री ने भी इसकी जरूरत पर बल दिया। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष ने कहा था कि सुरक्षा परिषद के स्वरूप में बदलाव किया जाना चाहिए, क्योंकि यह संस्था अब अपनी प्रासंगिकता लगभग खो चुकी है। यह बात उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर कही थी। पिछले साल संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी कहा था कि इस संस्था को और समावेशी बनाया जाए, ताकि वह आज की दुनिया की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर सके। सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी, दोनों तरह के सदस्यों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। इनमें अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देश भी शामिल हों। भारत कई मौकों पर यह बात दोहरा चुका है, मगर इस बार चूंकि जी20 शिखर सम्मेलन के मंच से प्रधानमंत्री ने यह बात कही तो उसका अलग मतलब है। दरअसल, दुनिया का स्वरूप काफी तेजी से बदला है, इसमें केवल कुछ देश शक्तिशाली की कतार में खड़े होकर नए विश्व की वास्तविकताओं से आंखें नहीं चुरा सकते। जी20 इसका बड़ा उदाहरण है कि विकसित कहे जाने वाले राष्ट्रों को आखिरकार विकासशील या तीसरी दुनिया कहे जाने वाले देशों को भी अपने साथ जोड़ना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के गठन के बाद से अब तक इसके सदस्य देशों की संख्या चार गुना बढ़ चुकी है, मगर इसमें मुख्य वार्ताकार वही पांच देश हैं, जो शुरू में रखे गए थे। उन्हीं पांच देशों को स्थायी सदस्यता प्राप्त है और वे जिस मुद्दे पर जो राय बनाना चाहते हैं, जैसा फैसला करना चाहते हैं, कर लेते हैं। वे परस्पर अपने हितों में संतुलन बनाने का प्रयास करते देखे जाते हैं। अगर किसी मुद्दे से उनमें से किसी के भी स्वार्थ पर आंच आती है, तो वह अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हुए उस मुद्दे पर आम राय बनने से रोक देता है। इस तरह कई मौकों पर देखा गया है कि जब कोई देश किसी अन्य देश पर युद्ध थोप देता और संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के नियमों का उल्लंघन करता देखा जाता है, तब सुरक्षा परिषद चुप्पी साधे रहती है। रूस की तरफ से यूक्रेन के खिलाफ छेड़े गए युद्ध में भी यह साफ-साफ देखा गया। रूस चूंकि खुद सुरक्षा परिषद का सदस्य है, इसलिए उसके खिलाफ सुरक्षा परिषद की कड़ाई की कोई अपेक्षा नहीं की जा सकती।

**Quote...**

"Spread love everywhere you go. Let no one ever come to you without leaving happier."

-Mother Teresa

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**परम तत्व को केवल प्रेम प्रिय है।**

**The Divine only loves 'Love'**

**।। मानस - हनुमान चालीसा ।।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## Health is Wealth



# 3 साल से ऊपर के बच्चों को खिलाएं ये हेल्दी स्नैक्स

### आसानी से खा जाएंगे

बच्चे जब दो से तीन साल के होने लगते हैं तो उन्हें हर वक्त कुछ टेस्टी खाना चाहिए होता है। दाल, रोटी को एक बार खाने के बाद दोबारा खाना पसंद नहीं करते। ऐसे में उन्हें दिनभर अलग-अलग और हेल्दी चीजों को खिलाना जरूरी होता है। जिससे उन्हें जरूरी पोषण मिलने के साथ ही एनर्जी भी भरपूर मिले। बच्चों के लिए हेल्दी स्नैक्स का ऑप्शन खोज रही हैं तो इन हेल्दी रेसिपी को जरूर याद रखें। जो आपके बच्चे को जरूरी न्यूट्रिशन और एनर्जी दोनों भरपूर मात्रा में देगा। बच्चे जब दो से तीन साल के होने लगते हैं तो उन्हें हर वक्त कुछ टेस्टी खाना चाहिए होता है। दाल, रोटी को एक बार खाने के बाद दोबारा खाना पसंद नहीं करते। ऐसे में उन्हें दिनभर अलग-अलग और हेल्दी चीजों को खिलाना जरूरी होता है। जिससे उन्हें जरूरी पोषण मिलने के साथ ही एनर्जी भी भरपूर मिले। बच्चों के लिए हेल्दी स्नैक्स का ऑप्शन खोज रही हैं तो इन हेल्दी रेसिपी को जरूर याद रखें। जो आपके बच्चे को जरूरी न्यूट्रिशन और एनर्जी दोनों भरपूर मात्रा में देगा।

#### पनीर टिक्की

पनीर को मैश कर उसमे नमक, चाट मसाला और मनचाही सब्जियों को घिसकर डालें। फिर इन सारी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर गोल आकार दें और हथेलियों से चपटा कर लें। पैन पर थोड़े से बटर में इसे सेंक लें। ये स्नैक्स बच्चों का पेट भरने में मदद करेगा और उन्हें प्रोटीन और कैल्शियम भरपूर मात्रा में मिलेगा।

#### बनाना पैनकेक

केला हेल्दी फ्रूट है जिसे बच्चे खूब पसंद करते हैं। आप चाहें तो केले से पैनकेक बना सकती हैं। केले को मैश कर इसमे गेहूं का आटा मिलाएं और दूध डालकर गाढ़ा बैटर तैयार कर लें। नॉनस्टिक पैन पर छोटे-छोटे पैनकेक तैयार करें।

#### एग टोस्ट

अंडे को फोड़कर उसमे नमक और काली मिर्च मिक्स करें। इस बैटर में ब्रेड को डुबोएं और तवे पर सेकें। बच्चे इसे चाव से खाएंगे और ये हेल्दी स्नैक्स है।

#### चीज सैंडविच

छोटे बच्चों को चीज सैंडविच बनाकर भी दिया जा सकता है। ब्रेड पर चीज की स्लाइस लगाकर सेंके। ये हेल्दी स्नैक्स और इससे बच्चों का पेट भी भर जाता है।

#### रोस्टेड नट्स

देसी घी में मखाना, काजू, बादाम, मूंगफली जैसे ड्राई फ्रूट्स को रोस्ट कर रख लें। ये हेल्दी स्नैक्स बच्चों की छोटी-छोटी भूख को शांत करने में मदद करेगा।

## Highlights

1. Disappointed; G20 Declaration doesn't criticise Russia: Ukraine
2. I'm glad that I'm in India, it feels like home: Saudi Crown Prince
3. Former Jharkhand CM Shibu Soren admitted to hospital in Delhi
4. Bajrang Dal not associated in any way with BJP or RSS: Assam CM
5. Woman opens pet carrier after dog makes 'weird' noises on Goa flight, booked
6. Pak-occupied Kashmir will merge with India, wait for some time: Union Minister VK Singh
7. Will drop cases against Maratha quota protesters: CM Shinde
8. Vagdevi's idol found at 11th century-mosque in Madhya Pradesh

# As iPhone 15 looms over the horizon, decoding Apple's India growth trajectory

**NEW DElHI, (Agency).** Like clockwork, the second Tuesday in September will again provide anchor for an Apple keynote to usher in the next iPhone line-up. Likely to be the iPhone 15 series if the naming sequence continues, we can certainly expect status quo to be maintained in terms of how many phones the new portfolio will have, if not a surprise addition or two. Therefore, the quartet will include successors to the iPhone 14, iPhone 14 Plus, iPhone 14 Pro and iPhone 14 Pro Max.

While new iPhones are unmistakably exciting, for the India market, there is a strong foundation still being put together. One, where numbers mark a positive trajectory for phones that till not too recently were considered too expensive for the perceived value conscious Indian smartphone buyer. Estimates are bullish about the prospects of the iPhone 15 series too in India.



You wouldn't expect anything less, in a year which saw Apple CEO Tim Cook launch the tech giant's first set of exclusive retail stores in India. Apple is also selling more iPhones in India than ever before, and has set about to deliver on the government's target of 25% of all iPhones in the world to be manufactured in India.

Cyber Media Research, in numbers shared with HT, estimates a 25% year-on-year growth for iPhone 15 shipments, compared with the iPhone 14 series after it was launched in the same quarter last year.

"With the iPhone 15 series, Apple is poised to maintain market momentum. However, this growth hinges on Apple's ability to effectively manage any potential production challenges, and consequent shipment delays associated with its iPhone 15 line-up, including its 'Pro' models," Prabhu Ram, who heads the Industry Intelligence Group at CyberMedia Research, tells HT.

A lot of this momentum comes from domestic manufacturing, something Apple and its partners Foxconn, Pegatron and Wistron (to be acquired by the Tata Group) have invested in significantly. In 2020, as the push for Make in India initiative gathered pace, Apple manufactured around 1% of all iPhones globally, in India. That number is expected to stabilise at 6% by the end of 2023.

# RBI approves reappointment of Sandeep Bakhshi as ICICI Bank MD for 3 years

**NEW DElHI, (Agency).** Private sector ICICI Bank on Monday said the RBI has approved the reappointment of Sandeep Bakhshi as Managing Director and CEO of the private lender for three years.

The reappointment of Bakhshi will be effective from October 4, 2023, till October 3, 2026, ICICI Bank said in a regulatory filing.

The bank's shareholders have already approved the appointment of Bakhshi for three more years, it added.



Keral

# मंदिर में आरएसएस की शाखा लगाने पर रोक, केरल हाई कोर्ट ने पुलिस को दिया सख्ती का आदेश

**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)** केरल के तिरुवनंतपुरम जिले में सरकारा देवी मंदिर परिसर में आरएसएस की गतिविधियों को लेकर हाई कोर्ट ने सख्त आदेश दिया है। कोर्ट ने पुलिस के निर्देश दिया है कि मंदिर परिसर में आरएसएस के सामूहिक अभ्यास और हथियारों के प्रशिक्षण को बंद करवा दिया जाए। बता दें कि यह मंदिर त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के अधीन है। मंदिर परिसर में आरएसएस के ट्रेनिंग कैंप को लेकर दो श्रद्धालुओं ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि आरएसएस मंदिर परिसर पर अनाधिकृत कब्जा करके इसका गलत उपयोग कर रहा है।

याचिकाओं पर सुनवाई के बाद निपटारा करते हुए केरल हाई कोर्ट ने पुलिस से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मंदिर परिसर में किसी तरह का



सामूहिक अभ्यास और हथियारों का प्रशिक्षण ना हो। जस्टिस अनिल के नरेंद्रन और पीजी अजितकुमार की बेंच ने पुलिस को यह निर्देश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने मंदिर प्रशासन को भी निर्देश दिया है कि वह ऐसी गतिविधियों के लिए परिसर का इस्तेमाल ना होने दें।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा, मंदिर में किसी भी तरह के सामूहिक अभ्यास या फिर हथियारों के प्रशिक्षण को अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि चिरायिनकीजू पुलिस स्टेशन यह सुनिश्चत करने में मंदिर प्रशासन की मदद करेगा। बता दं कि याचिका में कहा गया था कि आरएसएस के शिविर की वजह से श्रद्धालुओं को दर्शन करने में परेशानी होती है। खास तौर पर महिलाओं और बच्चों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। याचिका में कहा गया था कि रोज ही मंदिर परिसर में शाम 5 बजे से रात के 12 बजे तक हथियारों की ट्रेनिंग दी जाती है।

Uttarpradesh

## बांदा में बीजेपी नेता के बेटे ने किया सुसाइड, मोबाइल के लिए डांट पड़ने से था नाराज

**बांदा, (एजेंसी) यूपी के बांदा में एक परिवार को अपने बेटे को डांटना महंगा पड़ गया. 14 साल के बेटे ने मानसिक तनाव में आकर बिना कुछ सोचे समझे इतना बड़ा कदम उठा लिया जिसकी परिजनों ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी. बताया जा रहा है कि लड़का 10वीं कक्षा का छात्र था. उसकी इन दिनों परीक्षाएं चल रही थीं. लेकिन वो दिन भर मोबाइल चलाता रहता था. परिजन उसे मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए डांटते थे.**

परिजनों की डांट लड़के को इतनी बुरी लगी कि उसने खुदकुशी कर ली. जैसे ही परिजनों ने कमरे के अंदर फंदे से लटका अपने बेटे का शव देखा तो उनकी चीख निकल गई. तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी गई. पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है. जानकारी के मुताबिक, मृतक जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद के PRO दिलीप का बेटा है.

घटना के बाद कई राजनीतिक पार्टियों के लोग मृतक के परिजनों को सांत्वना देने घर पहुंचे. मामला शहर कोतवाली के छोटी बाजार मोहल्ले का है. यहां मंत्री के PRO दिलीप कुमार अपने परिवार के साथ रहते हैं. उनका 14 वर्षीय बेटा अंकुर शहर के एक स्कूल में 10 वीं का छात्र था. उसके एग्जाम भी चल रहे थे.

Chennai

## महिला ने ऐप के जरिए बुलाई बाइक टैक्सी, राइडर करने लगा छेड़छाड़ और फिर...

**चेन्नई, (एजेंसी)** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में बाइक टैक्सी राइड के दौरान छेड़छाड़ का मामला सामने आया है. दरअसल एक महिला ने रविवार रात चूलैमेडु से रोयापेट्टा तक जाने के लिए मोबाइल ऐप बेस्ड बाइक टैक्सी राइडिंग (दोपहिया वाहन) बुक की थी. बुकिंग के बाद रमेश नाम के बाइक राइडर ने यात्रा के दौरान कथित तौर पर महिला के साथ छेड़छाड़ की. महिला ने रमेश पर यात्रा के दौरान अश्लील तरीके से बात करने का भी आरोप लगाया था. उसने अपने स्मार्टफोन कैमरे से पूरी घटना को रिकॉर्ड कर लिया और सुरक्षा के लिए अपने परिवार के सदस्यों को मैसेज कर बता दिया की वो कहां पर हैं. उसे राइडर के ठिकाने के बारे में भी अपने घरवालों को मैसेज कर दिया. इसके बाद महिला के परिजनों ने रोयापेट्टा पुलिस को घटना की सूचना दी.

Jammu

## जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर भूस्खलन की चपेट में आया ट्रक खाई में गिरा, चार लोगों की मौत

**जम्मू, (एजेंसी) जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन से बड़ा हादसा हुआ है। यहां भूस्खलन की चपेट में आने के बाद एक ट्रक गहरी खाई में गिर गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मंगलवार तड़के यह हादसा हुआ। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे रामबन जिले में शेरबीबी के पास राजमार्ग पर हुए भूस्खलन के कारण वाहनों की आवाजाही रोक दी गई।**

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहा था। स्थानीय स्वयंसेवकों और पुलिस द्वारा तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। सभी चार शवों को निकाला गया है। अधिकारियों ने मृतकों की पहचान कुलगाम के ट्रक चालक मोहम्मद अफजल गारू (42), उनके भाई अल्ताफ गारू (36), अनंतनाग के इरफान अहमद (33) और उनके भाई शौकत अहमद (29) के रूप में की है।

उन्होंने बताया कि घरेलू उपयोग के लिए ट्रक में ले जाए जा रहे लगभग छह मवेशी भी दुर्घटना में मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि भूस्खलन के कारण राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है, जो कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से हर मौसम में जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है और इसे यातायात योग्य बनाने के प्रयास जारी हैं।

खेल

# भारत ने पाकिस्तान को चटाई धूल, एशिया कप के सुपर 4 मुकाबले में 228 रन से दी मात

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तान को वर्षा से प्रभावित एशिया कप के सुपर चार मुकाबले में सोमवार को पाकिस्तान को 228 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ भारत ने पहली बार जारी टूर्नामेंट में किसी टीम को पूरा मैच खेलने के बाद हराया है। भारत के पिछले मुकाबलों में बारिश की वजह से मैच पूरा नहीं हो सका। पाकिस्तान के खिलाफ लीग मुकाबले में बारिश की वजह से मैच रद्द हो गया था, जबकि डकवर्थ लुईस नियम से भारत ने नेपाल को हराया था। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को अपनी पारी की शुरुआत की थी। रविवार को भारत ने 24.1 ओवर में 2 विकेट खोकर 147 रन बनाए, जिसके बाद बारिश की वजह से मैच शुरू नहीं हो सका और अंपायर्स ने मैच को रिजर्व डे पर खेलने का फैसला किया। रिजर्व डे वाले दिन भी बारिश की वजह से मैच देरी से शुरू हुआ। हालांकि जब भारतीय



बल्लेबाज खेलने उतरे तो बिना बारिश के दखल को उन्होंने भारतीय पारी को समाप्त किया।

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ रविवार और फिर सोमवार को बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 2 विकेट खोकर 356 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने कुलदीप यादव के सामने घुटने टेक दिए। पाकिस्तान के खिलाफ रनों के लिहाज से यह भारत की सबसे बड़ी जीत है। भारत के 357 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप (25 रन पर पांच विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने 32 ओवर में 128 रन पर ढेर हो गई।

भारत के लिए कोहली ने अपने 47वें शतक के दौरान 94 गेंद में नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 122 रन बनाए। उन्होंने चार महीने से अधिक समय बाद पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेल रहे राहुल (नाबाद 111 रन, 106 गेंद, 12 चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 233 रन की अटूट साझेदारी भी की जिससे भारत ने दो विकेट पर 356 रन बनाकर पाकिस्तान के खिलाफ अपने सर्वोच्च स्कोर की बराबरी की। कोहली और राहुल की बदौलत भारत अंतिम 10 ओवर में 105 रन जोड़ने में सफल रहा। कोहली का आर प्रेमदासा स्टेडियम में यह लगातार चौथा शतक है। रविवार को लगातार बारिश के कारण यह मुकाबला बीच में रोकना पड़ा था और सोमवार को रिजर्व दिन मुकाबला आगे खेला गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम ने पांचवें ओवर में ही इमाम उल हक का विकेट गंवा दिया जिन्होंने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर शुभमन गिल को कैच थमाया।

कप्तान बाबर आजम भी 24 गेंद में 10 रन की धीमी पारी खेलने के बाद 11वें ओवर में हार्दिक पंड्या की गेंद पर बोल्ड हो गए।

सिनेमा

## कटआउट ड्रेस पहनकर आईं उर्फी जावेद, पपराजी से किया हुआ वादा निभाया



उर्फी जावेद जैसा अतरंगी फैशन हर कोई नहीं कर सकता। तभी तो वह अपने अलग स्टाइल की वजह से मशहूर भी हैं। कोई उन्हें ट्रोल करे या भद्दे कमेंट्स करे, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। पपराजी के साथ उनकी बहुत अच्छी बॉन्डिंग है। जब भी वह तस्वीरें क्लिक कराती हैं वह उनके साथ खूब बातें भी करती दिखती हैं। बीते रविवार को उर्फी मुंबई के बांद्रा पहुंची थीं तो उन्होंने पपराजी से वादा किया था कि वह उनके लिए कल (सोमवार) पिज्जा लेकर आएंगी। अब उन्होंने अपना यह वादा पूरा कर दिया है।

उर्फी जावेद को अक्सर अंधेरी में स्पॉट किया जाता है। वह वहां मौजूद पपराजी के लिए कभी पिज्जा तो कभी वड़ा पाव लाती रहती हैं। उन्होंने कहा भी था कि अंधेरी में पपराजी को पार्टी मिल जाती है लेकिन बांद्रा वाले रह जाते हैं। पिज्जा लेकर पहुंची उर्फी एकदम अलग लुक में दिखीं। उन्होंने ब्लैक कटआउट ड्रेस पहना। इन दिनों उर्फी ने बालों को गोल्डन कलर करा रखा है। बालों का उन्होंने बन बनाया था और सिल्वर कलर के हाई हील्स पहन रखे थे।

# फर्जी एडवाइजरी कंपनी का खुलासा

## 5 हजार की उधारी से खुला रैकेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी में गत दिनों घर के बाहर खड़ी एक कार में बदमाश ने आग लगा दी। सीसीटीवी फुटेज आने के बाद पुलिस ने दूसरे दिन केस दर्ज किया। जांच की गई तो आरोपी राऊ इलाके में ही रहने वाले कार मालिक के भाई का दोस्ता निकला। कार मालिक ने 5 हजार की उधारी वापस नहीं की तो दोस्तों ने आग लगा दी।**

जब आरोपियों को पकड़ा तो उन्होंने फर्जी एडवाईजरी कंपनी का खुलासा कर दिया। अफसरों ने वहां दबिश डाली। एडवाइजरी कंपनी के आरोपियों को सराफा पुलिस के सुपुर्द किया गया है। द्वारकापुरी पुलिस ने इलाके में सिद्धार्थ चौहान की कार में आग लगाने के मामले में आरोपी राजा यादव और उसके साथी प्रकाश को गिरफ्तार किया है।

राजा यादव ने ही गुरुवार को सिद्धार्थ की कार में आग लगा दी थी। पुलिस से मिली जानकारी में पता चला कि सिद्धार्थ के भाई ने आरोपी राजा यादव से 5 हजार रुपये उधार का लेनदेन था। इसके चलते उन्होंने कार में आग लगाई। राजा यादव को थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह और सिद्धार्थ राजबाड़ा इलाके पर एक फर्जी एडवाईजरी कंपनी में काम करते हैं। यहीं कस्टमर से अकाउंट में आए रुपए को लेकर उनका विवाद चल रहा था। इस मामले में राजा ने बताया कि वहां कई युवक और युवतियां बैठकर कॉलिंग करते हैं। वे एडवाइजरी के माध्यम से शेयर मार्केट में रुपए निवेश करने की बात पर लोगों को ठगते हैं।

मामले में एडिशनल डीसीपी, एसीपी के साथ सराफा पुलिस ने मौके पर जाकर दबिश दी। यहां पर कांग्रेस नेता के पास एक बिल्डिंग में फर्जी कंपनी संचालित हो रही थी। यहां से पुलिस को लैपटॉप और अन्य गैजेट्स भी मिले हैं। बाद में सभी युवक-युवतियों को पकडक़र सराफा थाने लाया गया। रात में यहां पुलिस ने कार्रवाई की है।

# नागपुर के सिविल ठेकेदार की मौत

◆ महाकाल दर्शन कर दोस्तों के साथ कार से जा रहे थे, कार में तबीयत बिगड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से नागपुर लौट रहे एक सिविल ठेकेदार की विजयनगर इलाके में तबीयत बिगड़ गई। दोस्त निजी अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय अस्पताल भेजा गया है।**

विजयनगर पुलिस के मुताबिक विजय (56) पिता मनोहर घटाने निवासी नागपुर सोनेगांव की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। दोस्त प्रशांत पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि विजय और उनके साथ तीन दोस्त रविवार को नलखेड़ा बगलामुखी माताजी दर्शन कर महाकाल दर्शन करने के लिये निकले थे। सोमवार को महाकाल में दोपहर में दर्शन करने के बाद वह कार से विजयनगर होते हुए नागपुर जा रहे थे। विजयनगर में वह एक रेस्टोरेंट पर शाम को रुककर नाश्ता किया। इसके बाद वह कार में बैठे तो विजय ने घबराहट होने की बात की। दोस्त उन्हें नजदीक के भंडारी अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। देर शाम वह शव को लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे।

### पीएम के बाद नागपुर ले जाएंगे शव

विजय सिविल ठेकेदार थे। उनकी पत्नी की दिल्ली में जॉब है। इनकी दो बेटियां नागपुर हैं। एक स्कूल और दूसरी कॉलेज में पढ़ाई कर रही है। विजय के दोस्तों ने बताया कि काफी दिनों से उनका उज्जैन महाकाल दर्शन के लिये प्लान बन रहा था। पांचों दोस्तों ने छुट्टी ली और कार से दर्शन करने चले आए। दोस्तों के मुताबिक परिवार को जानकारी दी गई है। यहां पोस्टमार्टम के बाद शव को नागपुर लेकर जाएंगे।

# वीडियो के साथ छेड़छाड़ पुलिस को शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जी-20 समिट के वीडियो को काट-छांट कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। इस मामले में भाजपा ने पुलिस को शिकायत की है।**

यह वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल फेसबुक पर 'अब होगा न्याय' नामक एक ग्रुप बनाया गया है। वीडियो को एक 'छोटी सी लव स्टोरी' नामक शीर्षक नाम दिया गया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जी-20 में विदेशी मेहमानों से मुलाकात का जो दौर चल रहा है उसे गलत तरीके से बनाकर मजाक उड़ाया गया है। मामले में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक एडवोकेट राजेश खण्डेलवाल ने सोमवार को एमजी रोड थाने में लिखित शिकायत की है। इसमें बताया है कि गलत तरीके से बनाए गए इस वीडियो से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश-विदेश में छवि धूमिल हो रही है। मामले में जांच कर संबंधित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई करें।

# फ्लैट मालकिन को एक साल के लिए किया बेदखल

### पुलिस ने पकड़ा था देह व्यापार का अड्डा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। फ्लैट में चल रहे देह व्यापार के अड्डे की सूचना के बाद पुलिस ने लिंबोदी की एक मल्टी के फ्लैट में चल रहे जिस्म फरोशी के कारोबार का पर्दाफाश कर हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों में फ्लैट की मालकिन भी शामिल थी। पुलिस कमिश्नर ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए फ्लैट की मालिक को एक साल के लिए इससे बेदखल कर दिया है।

पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर द्वारा महजबीन पति जाहिद खान, निवासी जी-20, वल्लभ ट्वीन्स अपार्टमेंट, श्रीकृष्ण एवेन्यु फेस-3, लिम्बोदी के उक्त फ्लैट में देह व्यापार का संचालन किये जाने पर आवेदिका को उक्त संपत्ति से एक वर्ष के लिए बेदखली आदेश जारी किया गया है। ये आदेश 12 सितंबर 2023 से एक वर्ष के लिये प्रभावशील रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस फ्लैट में देह व्यापार की अनैतिक गतिविधिया संचालित की जा रही थी ।

# साढ़े 3 लाख से ज्यादा की शराब जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किशनगंज पुलिस ने रविवार देर रात पेट्रोलिंग के दौरान अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी शेरा खान पिता रेहमान खान (45) निवासी खटपाडी देपालपुर और लाखन राठौर पिता सेवाराम राठौर (26) निवासी खटपाडी देपालपुर को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से बोलेरो वाहन से 79 पेटी अंग्रेजी और देशी शराब कीमती 3 लाख 71 हजार 700 का परिवहन करते महाराणा प्रताप ब्रिज ए.पी. रोड पिग्डम्बर पर पकड़ा। जिस पर से अपराध क्रमांक 837/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। जब्त देशी शराब 832 लीटर कीमत 3,21,700 रुपए है।

# लाखों की कारें कराई फायनेंस, फर्जी दस्तावेज से एनओसी लेकर बेच दी

### शातिर ठगोरा क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। लाखों रुपए कारें फायनेंस कराने के बाद उसकी किश्तें नहीं भरने और फर्जी दस्तावेज से एनओसी प्राप्त कर बेचने वाले शातिर ठगोरे को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्त में लिया है। आरोपी ने बैंक की एनओसी आरटीओ में प्रस्तुत कर दोनों कारों को बेच दिया था। आरोपी अपनी फर्म के नाम से महंगी कारों को लोन पर खरीदकर किस्त न भरते हुए फर्जी दस्तावेजों से एनओसी बनाकर बेच देता था। इसी तरह के फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वह 62 लाख रुपए कीमत की दो लग्झरी कारों को बेच चुका है।

क्राइम ब्रांच को एक बैंक ने शिकायत की थी कि राजेंद्रसिंह सोलंकी,स्कीम 71 चंदननगर ने फर्जी तरीके से बैंक लोन पर कार खरीदकर बिना पूरी किश्त अदा किए कार को बेचकर बैंक के साथ 62 लाख रुपए की ठगी की है। क्राइम ब्रांच ने मामले में जांच शुरु की और राजेंद्रसिंह सोलंकी को पकड़ा। आरोपी ने बताया कि कुबेर इंटरप्राइजेज एवं स्वास्तिक इंटरप्राइजेस फर्म के माध्यम से फोर्ड इंडेवर और टोयोटा फाच्र्यूनर जिनकी कीमत 62 लाख रुपए है एचडीएफसी बैंक से लोन फाइनेंस करवाकर खरीदी थी। इसके बाद उसने कुछ प्राथमिक किश्तें भरी भी थीं। इसके बाद बैंक की फर्जी एनओसी बनाकर आरटीओ से हाइपोथिकेशन हटवाते हुए दोनों लग्झरी कारों को बेच दिया। बैंक को किश्तें नहीं मिली तो इसका पता चला। उसके बाद क्राइम ब्रांच को शिकायत की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर आगे कार्रवाई की जा रही है।

sponcership

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।